# इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड
# अत्यंत महत्वपूर्ण निबंधन एवं शर्तें (एमआईटीसी)

प्रभावी तिथि: 18.12.2025

यह अत्यंत महत्वपूर्ण निबंधन एवं शर्तें ("एमआईटीसी") इंडियन बैंक ("बैंक") द्वारा अपने को-ब्रांडेड साझेदार वन कंज्यूमर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ("वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड") की साझेदारी में जारी किए गए इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर लागू होती हैं।

वनकार्ड ऐप से अपना इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड सक्रिय करने या 'सबमिट' या 'आई अग्री' या किसी भी ऐसे ही टैब/आइकन पर क्लिक करने का अभिप्राय होगा कि कार्डधारक/कार्ड मेम्बर /उपयोगकर्ता ("आप") को निम्नलिखित निबंध एवं शर्तें स्वीकार्य हैं।

एमआईटीसी, विस्तृत निबंधन एवं शर्तों का हिस्सा हैं जिन्हें इनके साथ ही पढ़ा जाना चाहिए तथा इनमें समय-समय पर संशोधन हो सकते हैं। इसका नवीनतम पाठ सदैव बैंक की वेबसाइट के साथ-साथ वनकार्ड ऐप और वनकार्ड वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगा।

सुविधाओं की दुनिया में आपका स्वागत है!

**वनकार्ड मोबाइल ऐप 📱**

आप इंडियन बैंक वनकार्ड क्रेडिट कार्ड को पूरी तरह से सक्षम वनकार्ड ऐप से नियंत्रित कर सकते हैं, जिनमें से कुछ निम्नवत हैं:

- ऐप का पिन सेट करना।
- इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को सक्रिय करना।
- इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड बिल का भुगतान करना।
- अपने वर्चुअल क्रेडिट कार्ड को प्रबंधित करना।
- क्रेडिट और नकदी आहरण सीमा को नियंत्रित करना।
- ऑनलाइन, देशी और अंतर्राष्ट्रीय उपयोग को सक्षम करना।
- इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पिन सेट करना (पॉइंट ऑफ सेल और एटीएम पर उपयोग के लिए)।
- अपने इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड से संबंधित किसी विवाद की शिकायत प्रस्तुत करना या सेवा संबंधी जानकारी प्राप्त करना।
- ओवरलिमिट लेन-देन को नियंत्रित करना।

हमारे द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि आप उपर्युक्त ट्रांजेक्शन केवल सुरक्षित तरीके से ही कर सकें, जो कि आपके द्वारा चयनित पहचान पद्धति (फिंगर प्रिंट/पिन) से स्वयं की पहचान के बाद ही होता है। कार्डधारक के रूप में आपको इन ट्रांजेक्शन की विशेषताओं और प्रभाव के विषय में अवगत होना चाहिए, क्योंकि वनकार्ड ऐप में आपके क्रियाकलापों के लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

**वर्चुअल क्रेडिट कार्ड**

भौतिक इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के अलावा, ऑन-बोर्डिंग प्रक्रिया के अंग के रूप में आपको वनकार्ड ऐप पर वर्चुअल रूप में भी इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड प्राप्त होगा।

यह वर्चुअल कार्ड भी वीज़ा/रुपे सक्षम क्रेडिट कार्ड है, ताकि, आप किसी भी ऑनलाइन या मोबाइल एप्लीकेशन आधारित लेन-देन या खरीदारी के लिए इसका उपयोग कर सकते हैं। सुरक्षा मानदंड उद्योग मानकों के अनुरूप बनाए गए हैं।

**ए) शुल्क एवं प्रभार**

हम आपके जीवन में सरल सुविधाओं को उपलब्ध कराने में विश्वास रखते हैं और हमारे प्रभार इन्हीं प्रयासों को दर्शाते हैं।

जब तक आप अनुमोदित ऋण सीमा के अंदर इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं और देय तिथि तक पूरा बकाया चुका देते हैं, तब तक हमारे द्वारा आपसे कोई संबंधित प्रभार नहीं लिया जाएगा। हालांकि, भुगतान में विलंब होने या आंशिक भुगतान करने या अपनी सीमा से अधिक इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के उपयोग पर कुछ प्रभार लगाए जाएंगे।

यहां इन प्रभारों की सूची दी गई है:

| **प्रभारों की अनुसूची** | | |
|---|---|---|
| क्रमए | शुल्क एवं प्रभार | इकाई शुल्क |
| 01 | प्राथमिक या ऐड-ऑन कार्डधारक के लिए सदस्यता शुल्क | शून्य |
| 02 | प्राथमिक या ऐड-ऑन कार्डधारक के लिए वार्षिक सदस्यता शुल्क | शून्य |
| 03 | निर्गम शुल्क (प्राथमिक)<br>निर्गम शुल्क (ऐड-ऑन कार्डधारक)<br>• प्लास्टिक कार्ड<br>• मेटल कार्ड | शून्य<br><br>शून्य<br>₹3000 |

| | | |
|---|---|---|
| 04 | कार्ड निरस्तीकरण शुल्क<br>• यदि वर्चुअल कार्ड सक्रिय होने के 6 महीने के भीतर निरस्त किया जाता है। | प्राथमिक कार्ड धारक<br>• मेटल कार्ड ₹3000<br>• प्लास्टिक कार्ड ₹500<br>ऐड-ऑन कार्ड धारक<br>• मेटल कार्ड शून्य<br>• प्लास्टिक कार्ड ₹500 |
| 05 | लेन-देन आधारित सेवा प्रभार<br>• रिवार्ड मोचन शुल्क<br>• विदेशी मुद्रा मार्कअप शुल्क<br>• ओवर लिमिट शुल्क<br><br>**किराया लेन-देन शुल्क**<br>• तृतीय-पक्ष व्यापारी<br><br>ईंधन अधिभार छूट<br><br>प्रति माह कुल ₹10,000 या उससे अधिक व्यय पर वॉलेट अपलोड/अंतरण शुल्क। | शून्य<br>लेन-देन राशि का 1%<br>ओवर लिमिट राशि का 2.5% (न्यूनतम ₹500)<br><br>लेन-देन राशि का 1% (दिनांक 30.11.2025 तक लागू)<br>लेन-देन राशि का 2% (दिनांक 01.12.2025 से लागू)<br><br>लेन-देन राशि का 1% जो प्रति माह ₹400 तक सीमित है।<br><br>लेन-देन राशि का 1% (दिनांक 30.11.2025 तक लागू)<br>लेन-देन राशि का 2% (दिनांक 01.12.2025 से लागू) |
| 06 | कार्ड प्रतिस्थापन का शुल्क | प्रथम प्लास्टिक कार्ड – शून्य<br>द्वितीय प्लास्टिक कार्ड -₹145<br>तृतीय प्लास्टिक कार्ड और उसके उपरांत -₹500<br>मेटल कार्ड - ₹3,000 |
| 07 | ब्याज-मुक्त अवधि | 48 दिन |

| | | |
|---|---|---|
| 08 | ब्याज दर | 3.75% प्रति माह<br>45% प्रति वर्ष |
| 09 | विलंबित भुगतान प्रभार | बकाया रकम — शुल्क<br>₹0 – 250 — ₹0<br>₹251-1000 — ₹250<br>₹1001-5000 — ₹500<br>₹5001 - 25000 — ₹1000<br>₹ 25001 व अधिक — ₹1250 |
| क्रम बी | आहरण सीमाएँ | |
| 01 | क्रेडिट लिमिट | जैसा कि वनकार्ड ऐप पर दर्शाया गया है। |
| 02 | उपलब्ध क्रेडिट लिमिट | जैसा कि वनकार्ड ऐप पर दर्शाया गया है। |
| [redacted] | | |

वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) सभी शुल्कों, ब्याज और अन्य प्रभारों पर लागू है जो वर्तमान में 18% है तथा यह भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किए जाने पर परिवर्तन के अधीन है।

*ब्याज मुक्त अवधि*
ब्याज मुक्त अवधि 18 से 48 दिन तक हो सकती है।

छूट अवधि की गणना के लिए एक उदाहरण: 15 अप्रैल 2021 से 15 मई 2021 तक की अवधि के विवरण के लिए भुगतान की नियत तिथि 2 जून 2021 होगी। मान लीजिए कि आपने पिछले महीने के विवरण की कुल देय राशि का भुगतान नियत तिथि तक कर दिया है, तो छूट अवधि होगी:

1. 24 अप्रैल 2021 की खरीद के लिए, ब्याज-मुक्त छूट अवधि 24 अप्रैल 2021 से 2 जून 2021 तक होगी, अर्थात 40 दिन।
2. 14 मई 2021 की खरीद के लिए, ब्याज-मुक्त छूट अवधि 14 मई 2021 से 2 जून 2021 तक होगी, अर्थात 20 दिन।

कृपया याद रखें कि यदि आपने पिछले महीने की बकाया राशि का पूरा भुगतान नहीं किया है तो ब्याज मुक्त अवधि की यह सुविधा आपके लिए उपलब्ध नहीं होगी।

*ब्याज दर*

यदि भुगतान देय तिथि तक कुल देय राशि/टीएडी का भुगतान नहीं किया जाता है तो ब्याज प्रभारित किया जाएगा। देय कुल राशि और सभी नए लेन-देनों (लेनदेन की तिथि से) पर तब तक ब्याज प्रभारित किया जाएगा जब तक कि पिछली कुल बकाया राशियों का पूर्ण भुगतान नहीं हो जाता है।*

प्रत्येक दिन के अंत में, दैनिक ब्याज प्रभारित करने के लिए वर्तमान शेष/बकाया राशि को दैनिक दर से गुणा किया जाएगा, जिसे बाद में आपके बकाया शेष में जोड़ा जाता है। इसका एक सरल सूत्र निम्नानुसार है: (दिनों की संख्या x कुल बकाया राशि x (प्रति माह ब्याज दर X 12 माह)/365 दिन।

वर्तमान में, इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के सभी सदस्यों के लिए अदत्त देय राशि पर ब्याज दर 45% प्रति वर्ष या 3.75% प्रति माह है।

नमूना चित्रण 1 (बकाया राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया गया)

| | |
|---|---|
| क्रय | : 15 जनवरी 2021 को ₹10,000 |
| विवरण तिथि | : 01 फरवरी 2021 |
| कुल देय राशि | : ₹10,000 |
| भुगतान देय तिथि | : 18 फरवरी 2021 |
| कृत भुगतान | : 10 फरवरी 2021 को ₹500 |

फरवरी में कोई अन्य लेनदेन नहीं है।

ऊपर साझा किए गए सूत्र के अनुसार, ब्याज निम्नानुसार लगाया जाएगा:

| शेषराशि | अवधि | दिनों की संख्या | गणना | ब्याज (₹) |
|---|---|---|---|---|
| ₹ 10,000 | 15-31 जनवरी | 17 | (17x10000x(3.72/100x12))/365 | 209.59 |
| ₹ 10,000 | 01-09 फरवरी | 9 | (9x10000x(3.75/100x12))/365 | 110.96 |
| ₹ 9,500 | 10-28 फरवरी | 19 | (9x9500x(3.75/100x12))/365 | 222.53 |
| **प्रभारित ब्याज** | | | | **543.08** |

इस प्रभारित ब्याज पर प्रचलित दर (वर्तमान में 18%) पर वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) लगाया जाएगा, जो ₹97.75 है।

इसे बकाया राशि में जोड़ा जाएगा, अतः 01 मार्च 2021 को आपके विवरणी में कुल देय राशि ₹10,140.84 (₹9,500 + ₹543.08 + ₹97.75) होगी।

नमूना चित्रण 2 (बकाया राशि का पुनर्चक्रण, नया क्रय)

| | |
|---|---|
| विवरण तिथि | : 01 मार्च 2021 |
| कुल देय राशि | : ₹9,927.23 |
| भुगतान देय तिथि | : 18 मार्च 2021 |
| कृत भुगतान | : 10 मार्च 2021 को ₹500 |
| नया क्रय | : 20 मार्च 2021 को ₹5,000 |

ब्याज निम्नानुसार लिया जाएगा:

| शेषराशि | अवधि | दिनों की संख्या | गणना | ब्याज (₹) |
|---|---|---|---|---|
| ₹ 9,927.23 | 01-09 मार्च | 9 | (9x9,927.23x(3.75/100x12))/365 | 110.15 |
| ₹ 9,427.23 | 10-19 मार्च | 10 | (10x9,427.23x(3.75/100x12))/365 | 116.23 |
| ₹ 14,427.53 | 20-31 मार्च | 12 | (12x14.427.53x(3.75/100x12))/365 | 213.45 |
| **प्रभारित ब्याज** | | | | **439.83** |

इस प्रभारित ब्याज पर प्रचलित दर (वर्तमान में 18%) पर वस्तु और सेवा कर ("जीएसटी") लगाया जाएगा, जो ₹79.17 है।

इसे बकाया राशि में जोड़ा जाएगा, अतः 01 अप्रैल 2020 को आपके विवरणी में कुल देय राशि ₹14,910.24 (₹14,427.23 + ₹439.83 + ₹79.17) होगी।

*नोट: यह दृष्टांत सांकेतिक हैं और यह* बताने *के लिए* दर्शाया गया है *कि ब्याज की गणना कर कैसे प्रभारित की जाती है। विशिष्ट मामलों में वास्तविक राशि भिन्न हो सकती है।*

ब्याज दरें बैंक और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर किए गए परिवर्तनों के अध्यधीन हैं।

***विलंब भुगतान शुल्क:***

यदि बकाया की तारीख तक कोई भुगतान नहीं हुआ है या नयूनतम राशि देय से कम का भुगतान हुआ है, तो आपसे विलंब भुगतान शुल्क ("विलंब भुगतान शुल्क") प्रभारित किया जाएगा। विलंब भुगतान शुल्क कार्डमेंबर की बकाया राशि के आधार पर निम्नांकित विवरण के अनुसार लिया जाएगा।

| **विलंब भुगतान शुल्क** | |
|---|---|
| **बकाया राशि** | **शुल्क** |
| ₹0-250 | ₹0 |
| ₹251-1000 | ₹250 |

| | |
|---|---|
| ₹1001-5000 | ₹500 |
| ₹50001-25000 | ₹1000 |
| ₹25001 और उससे अधिक | ₹1250 |

**उदाहरण:**

मान लीजिए कि कुल बकाया राशि ₹5,000 है और बकाया की तारीख 4 मई, 2020 है। अगर कार्डधारक बकाया की तारीख तक न्यूनतम राशि का भुगतान नहीं करता है, तो आगामी बिल बकाया की तारीख पर ₹500 की विलंब शुल्क लगेगा। अगर टीएडी रु.1001-5000 की रेंज में है, तो विलंब शुल्क ₹500 होगा।

**ओवर लिमिट शुल्क:**

जब भी कार्डमेंबर द्वारा लेनदेन करते समय निर्धारित क्रेडिट सीमा से अधिक व्यय किया जाता है या मर्चेंट से असल निपटान राशि मिलने पर ओवरलिमिट राशि का 2.5% या ₹500 (जो भी अधिक हो) ओवरलिमिट शुल्क स्वरूप प्रभारित किया जाएगा। सीमा से अधिक लेनदेन की अनुमति तभी मिलेगी, जब कार्डमेंबर ने ऐप से ओवरलिमिट कार्ड नियंत्रण शुरू किया हो।

**फॉरेक्स मार्कअप शुल्क:**

जब आप अपने इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल किसी विदेशी करेंसी में लेनदेन करने के लिए करते हैं, तो वह लेनदेन राशि निपटान तिथि पर इंडियन रुपए ("INR" / "₹") में परिवर्तित हो जाता है। यह आपकी लेनदेन तिथि से अलग हो सकता है।

यदि लेनदेन यूएसडी ("अमेरिकी डॉलर") में नहीं है, तो राशि पहले यूएसडी में परिवर्तित होगी और फिर कार्ड नेटवर्क के दिए गए रेट के अनुसार यूएसडी राशि भारतीय रुपये में परिवर्तित होगा। इस राशि पर फॉरेक्स मार्कअप शुल्क लगेगा, और मार्कअप शुल्क पर जीएसटी लगेगा। अगर यह लेन देन 30 दिनों के अंदर वापस किया जाता है, तो मार्कअप शुल्क और जीएसटी कार्डधारक को वापस कर दिए जाएंगे। भारत से बाहर के किसी मर्चेंट या पेमेंट गेटवे पर भारतीय रुपये (INR) में लेनदेन करने पर फॉरेक्स मार्कअप शुल्क भी लिया जाएगा।

**ईंधन अधिभार छूट:**

जब आप देश में ईंधन के भुगतान के लिए इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं, तो खरीददार को (मर्चेंट का बैंक जो टर्मिनल देता है) ईंधन अधिभार लगाता है। अधिभार में छूट, लेनदेन राशि का कम से कम 1% या वास्तविक रूप में लगाए गए अधिभार (GST को छोड़कर) में से, जो भी कम हो, वह होगी। इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड से किए गए ईंधन लेनदेन के लिए ईंधन अधिभार में अधिकाधिक छूट प्रति अकाउंट प्रति कैलेंडर माह में रु. 400 होगी। इस तरह के रिवर्सल में ऐसी खरीदारी पर चुकाया गया टैक्स शामिल नहीं होगा। ईंधन लेनदेन पर रिवॉर्ड पॉइंट्स नहीं मिलेंगे।

किराया लेनदेन शुल्क:
अन्य पक्षकार ऐप्स/मर्चेंट्स पर इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड से किए गए किराया संबंधी भुगतान पर निम्नानुसार शुल्क लिया जाएगा:

- इन ऐप्स/मर्चेंट्स द्वारा ली जाने वाली सुविधा शुल्क के अतिरिक्त 1% लेनदेन शुल्क (दिनांक 30.11.2025 तक लागू)।
- इन ऐप्स/मर्चेंट्स द्वारा ली जाने वाली सुविधा शुल्क के अलावा 2% का लेनदेन शुल्क (दिनांक 01.12.2025 से लागू)।

***वॉलेट अपलोड/अंतरण शुल्क:***
दिनांक 30.11.2025 तक, इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड से वॉलेट या बैंक खाते में प्रत्येक माह रु.10,000 से अधिक के निधि अंतरण पर 1% शुल्क लगेगा। यह शुल्क पूरी अंतरित राशि पर ली जाएगी।
दिनांक 01.12.2025 से, इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड से वॉलेट या बैंक खाते में प्रति माह रु. 10,000 से अधिक के निधि अंतरण पर 2% शुल्क लगेगी। यह शुल्क पूरी अंतरित राशि पर ली जाएगी।

***ईएमआई में रूपांतरण:***
यदि आप किसी भी लेनदेन को समान मासिक किस्त (ईएमआई) में बदलना चाहते हैं, तो इन ईएमआई पर लगने वाले शुल्क और विवरण ईएमआई के निबंधन एवं शर्तों के अनुसार निर्धारित होंगे ।

**बी) आहरण सीमा 💸**
आपकी क्रेडिट सीमा और नकद आहरण सीमा दोनों डायनामिक हैं। उपलब्ध क्रेडिट सीमा की गणना कुल क्रेडिट सीमा से इस्तेमाल की गई सीमा को घटाकर किया जाता है। यदि आप इस विकल्प के लिए योग्य हैं, तो आप वन कार्ड ऐप से अपनी क्रेडिट सीमा बढ़ाने के लिए अनुरोध कर सकते हैं। अनुमोदन होने के उपरांत, यह बदली हुई राशि आपकी नई क्रेडिट लिमिट होगी।

बैंक यह अधिकार सुरक्षित रखता है कि वह वन कार्ड ऐप के अंदर आपके इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल के आधार पर आपको क्रेडिट सीमा बढ़ाने की अनुशंसा करे। यह अनुशंसा और इससे जुड़ी शर्तें आपको दी जाएंगी, ताकि, आप इसे स्वीकार करने से पूर्व उन पर विचार कर सकें।

एक बार जब आप वन कार्ड ऐप में दिखाई गई क्रेडिट सीमा बढ़ाने से जुड़ी शर्तों को पढ़ लेते हैं और उनसे सहमत हो जाते हैं और सीमा बढ़ाने के लिए अपनी सहमति दे देते हैं, तो सिस्टम के माध्यम से आपके कार्ड की क्रेडिट सीमा बढ़ा दी जाएगी। वन कार्ड ऐप के अंदर इलेक्ट्रॉनिक तरीके से मिली सीमा बढ़ाने की अनुशंसा को आपकी स्वीकृति, जिसमें आप विशेष रूप से सीमा बढ़ाने को सत्यापित करते हैं, उसे सहमति माना जाएगा। बैंक और/या उसके प्राधिकृत सेवा प्रदाता ऐसी सहमति का डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाएगा और बाद में सीमा बढ़ाने की वजह से होने वाले किसी भी विवाद की स्थिति में इसे सहमति का सबूत माना जाएगा।

बैंक आवधिक आधार पर आपके खाते की समीक्षा करेगा और आपके लेनदेन पैटर्न, चुकौती की स्थिति और अन्य आंतरिक मानदंडों के आधार पर आपकी क्रेडिट सीमा कम करने का अधिकार सुरक्षित

रखता है। इसकी जानकारी आपको वन कार्ड ऐप और/या ईमेल और एसएमएस के माध्यम से दी जाएगी।

## सी) बिलिंग 🗓️

i) बिलिंग विवरण (आवधिकता और भेजने का तरीका)
आपका बिलिंग विवरण प्रत्येक माह उस बिलिंग तिथि पर सृजित किया जाएगा, जो वन कार्ड ऐप में प्रदर्शित होता है। आप अपनी सुविधा अनुसार प्रोफ़ाइल सेक्शन से बिलिंग तिथि को एक बार बदल भी सकते हैं। आप बिलिंग विवरण वन कार्ड ऐप में देख सकते हैं। इसमें सभी ख़रीदारी, चुकौती, शुल्क, ब्याज, रिफ़ंड और करों का विवरण होगा। यदि किसी माह में वन कार्ड क्रेडिट कार्ड का उपयोग नहीं किया गया है, तो विवरण में यह उल्लेख होगा कि उस माह में कोई व्यय नहीं हुआ। वन कार्ड ऐप में बिलिंग विवरण को पीडीएफ प्रारूप में देखने का विकल्प भी उपलब्ध है, जिसे बाद में डाउनलोड किया जा सकता है। बिलिंग विवरण को भुगतान हेतु मांग सूचना माना जाएगा और इस संबंध में कोई अलग से सूचना नहीं दी जाएगी।

बिलिंग चक्र को केवल एक बार वन कार्ड ऐप के प्रोफ़ाइल सेक्शन से बदला जा सकता है। बिलिंग संशोधन तभी सक्षम होगा, जब कार्डधारक द्वारा पिछले बिलिंग चक्र के न्यूनतम देय राशि (Minimum Amount Due) का भुगतान कर दिया जाएगा।

ii) न्यूनतम देय राशि
जब आपको आपका विवरण प्राप्त होता है, तो आप अपनी विवरणी के अनुसार कुल देय राशि (टीएडी) या न्यूनतम देय राशि (एमएडी) के भुगतान का चयन कर सकते हैं। शेष राशि को आगामी महीनों में अग्रेसारित किया जा सकता है। न्यूनतम देय राशि में निम्नलिखित शामिल होंगे:
ए) बकाया राशि का 5% या ₹100 (जो भी अधिक हो); प्लस

बी) पूर्व में बकाया न्यूनतम देय राशि, यदि कोई हो; प्लस

सी) क्रेडिट सीमा से अधिक किसी भी ओवरलिमिट मूलधन की राशि; प्लस

डी) किसी भी किस्त की पूरी राशि जो देय हो (यदि/जैसा लागू हो)
कार्डधारक कुल देय राशि (टीएडी) का भुगतान कर सकते हैं या न्यूनतम देय राशि (एमएडी) और कुल देय राशि के बीच किसी भी राशि का भुगतान कर सकते हैं। भुगतान, भुगतान देय तिथि से पूर्व किया जाना आवश्यक है, ताकि, विलंब प्रभार से बचा जा सके। यदि भुगतान देय तिथि तक कुल देय राशि का भुगतान नहीं किया जाता है, तो ब्याज लगाया जाएगा। यह ब्याज तब भी लागू होगा, जब न्यूनतम देय राशि का भुगतान किया गया हो, परंतु कुल देय राशि का भुगतान नहीं किया गया हो।

जब कार्डधारक भुगतान करते हैं, तो उसे निम्नलिखित क्रम में समायोजित किया जाएगा:
पहले बिल किए गए नकद अग्रिम शुल्क ब्याज और कर सहित ⏩ बिल की गई खरीदारी शुल्क ब्याज और कर सहित (जहाँ लागू हो) ⏩ बिना बिल किए गए नकद अग्रिम शुल्क ब्याज और कर सहित ⏩ बिना बिल की गई खरीदारी शुल्क, ब्याज और कर सहित (जहाँ लागू हो)।
इन श्रेणियों के भीतर भुगतान का समायोजन निम्न क्रम में किया जाएगा:

कर ⏩ शुल्क ⏩ ब्याज ⏩ खरीदारी।
यदि कुल देय राशि ₹100 से कम है, तो न्यूनतम देय राशि कुल देय राशि के बराबर होगी, अर्थात् ₹100

| **समझदार बनें, कर्ज के जाल से बचें।** | |
|---|---|
| **प्रत्येक माह पूरी बकाया राशि या न्यूनतम देय राशि से अधिक का भुगतान करना** | **प्रत्येक माह केवम न्यूनतम देय राशि का भुगतान करना** |
| ✓ **बकाया राशि को त्वरित समापन**<br>✓ **कम ब्याज का भुगतान**<br>✓ **अपनी खर्च सीमा मुक्त करना**<br>✓ **अपनी क्रेडिट स्कोर को सुधारें** | **पूरी बकाया राशि चुकाने में 10 वर्ष या उससे अधिक लग सकता है।** |

iii) रिफ़ंड/चार्जबैक/प्रतिपूर्ति

आपको वन सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड विवरण (स्टेटमेंट) में दर्शाए गए लेन-देन का भुगतान करना आवश्यक है, ताकि, कोई अतिरिक्त शुल्क न लगाया जाए। ऐसे किसी भी रिफ़ंड, चार्जबैक या प्रतिपूर्ति, जो इंडियन बैंक वन सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड विवरण में प्रदर्शित नहीं हैं, उन्हें भुगतान करते समय अपनी ओर से कुल देय राशि (Total Amount Due - TAD) से घटाया या समायोजित नहीं किया जाना चाहिए।

यदि कोई रिफ़ंड, चार्जबैक या प्रतिपूर्ति होती है, तो वह आपके इंडियन बैंक वन सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खाते में उसी समय पर परिलक्षित होगी जब ऐसी राशि प्राप्त होगी। यह राशि आपके अगले इंडियन बैंक वन सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड विवरण में आपके बकाया के विरुद्ध समायोजित की जाएगी।

iv) भुगतान की विधि:

आप अपने बकाया का भुगतान सीधे वन कार्ड ऐप से कर सकते हैं। भुगतान के लिए निम्नलिखित माध्यम उपलब्ध हैं:

ए) डेबिट कार्ड बी) नेट बैंकिंग सी) यूपीआई

बैंक कार्डधारकों को अनुशंसा करता है कि वे अपने इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के बकाया (यदि कोई हो) का भुगतान उपर्युक्त उल्लिखित भुगतान विधियों के माध्यम से करें। यदि इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का भुगतान किसी तृतीय पक्षकार ऐप या वेबसाइट के माध्यम से किया जाता है, तो बकाया राशि की निकासी या निपटान में अधिक समय लग सकता है। यदि बैंक को देय तिथि तक धनराशि प्राप्त नहीं होती है, तो कार्ड वेरिएंट पर लागू दंडात्मक शुल्क, ब्याज या अन्य प्रभार के अनुसार शुल्क देय होंगे। किसी भी विलंब या भुगतान निपटान के परिलक्षित न होने से उत्पन्न प्रश्नों के लिए, जो तृतीय पक्षकार ऐप या वेबसाइट के माध्यम से किए गए इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड भुगतान से संबंधित हों, के लिए कार्डधारकों को सीधे संबंधित तृतीय-पक्षकार ऐप या वेबसाइट से संपर्क करना होगा।

आप ऐप में दिए गए यूनिक इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड बैंक खाता संख्या पर आईएमपीएस या एनईएफटी के माध्यम से भी भुगतान कर सकते हैं।

(v) बिलिंग विवाद समाधान:

यदि आप विवरणी की तारीख से 30 दिनों के भीतर हमें किसी विसंगति की सूचना नहीं देते हैं, तो विवरणी की सभी सामग्री को सही और स्वीकार्य माना जाएगा। बिलिंग विवादों/विसंगतियों की स्थिति में, हम जाँच करेंगे और ऐसे लेनदेन के लिए देयता की पुष्टि करेंगे। कुछ विवादों के लिए, हम जाँच अवधि के दौरान अस्थायी क्रेडिट प्रदान कर सकते हैं, जिसे जाँच के परिणाम के अनुसार लागू शुल्कों सहित वापस लिया जा सकता है। शुल्क, प्रभार या ब्याज पर किसी भी विवाद की स्थिति में लगाए गए जीएसटी को वापस नहीं किया जाएगा।

(vi) कार्ड जारीकर्ता का संपर्क विवरण:

- कार्ड जारीकर्ता का संपर्क विवरण: https://indianbank.bank.in/departments/quick-contact/

  यदि आपको किसी सहायता की आवश्यकता हो या शिकायत दर्ज करनी हो, तो आप:
- 📱 वन कार्ड मोबाइल ऐप के प्रोफ़ाइल सेक्शन में “Need Help?” का चयन कर सकते हैं
- 📨 अपनी पूछताछ या परेशानी ईमेल करें: **indianbankone@getonecard.app**
- 📞 हमारी हेल्पलाइन पर कॉल करें: **1800-267-4111**
- 🏢 लिखित रूप में संपर्क करें: एफपीएल टेक्नोलॉजीज़ प्रा. लि., वेस्ट बे, सर्वे नंबर 278, हिस्सा नंबर 4/3, पलोड़ फार्म, फेज़ II, बानेर, तालुका हवेली, बानेर गाँव, पुणे शहर, पुणे – 411045, महाराष्ट्र – भारत

(vii) शिकायत निवारण – एस्केलेशन प्रक्रिया
आपकी शिकायत के प्राप्ति की पुष्टि पंजीकृत ईमेल आईडी के माध्यम से एक विशिष्ट संदर्भ संख्या के साथ की जाएगी। शिकायत का उत्तर 7 कार्यदिवस के भीतर दिया जाएगा तथा इसकी सूचना पंजीकृत ईमेल के माध्यम से भेज दी जाएगी।

यदि आप सामान्य चैनलों से प्राप्त उत्तर से संतुष्ट नहीं है, तो आप grievances@getonecard.app पर ईमेल भेज सकते हैं और इसका उत्तर आपको 7 कार्यदिवस के भीतर पंजीकृत ईमेल पर उपलब्ध कराया जाएगा।

इस स्तर से आगे, आप बैंक की शिकायत निवारण प्रणाली के माध्यम से निम्न लिंक पर संपर्क कर सकते हैं:
https://apps.indianbank.bank.in/cgrc/frm_cgrs_cust_welcome_new_UA1.aspx
या creditcard@indianbank.bank.in पर मेल भेज सकते हैं।

शिकायत निवारण अधिकारी का संपर्क विवरण:
श्री अमित चौधरी
महाप्रबंधक (केवाईसी/एएमएल/सीएससी)
इंडियन बैंक, प्रधान कार्यालय
नं.–66, राजाजी सालै,

चेन्नै – 600001
दूरभाष : 044-25279970
ईमेल: nodalofficer@indianbank.bank.in

यदि उपर्युक्त सभी माध्यमों से संपर्क करने के बाद भी 30 दिनों तक आपकी समस्या का समाधान नहीं होता है, या संतोषजनक उत्तर नहीं मिलता है, तो आप बैंकिंग लोकपाल को निष्पक्ष समीक्षा के लिए लिख सकते हैं। बैंकिंग लोकपाल योजना का विवरण भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की वेबसाइट https://www.rbi.org.in/ पर उपलब्ध है।

(viii) क्रेडिट बैलेंस / अतिरिक्त राशि की वापसी

ए) मर्चेंट द्वारा प्रदान किए गए नेटवर्क पहचानकर्ता के आधार पर पहचाने गए किसी भी लेनदेन का रिफंड या रिवर्सल निम्नानुसार समायोजित किया जाएगा—

- यदि रिफंड/रिवर्सल राशि वर्तमान बिलिंग साइकिल के किसी ऐसे लेनदेन के लिए है जिसका बिल अभी जारी नहीं हुआ है, तो रिफ़ंड/रिवर्स की राशि को वर्तमान बकाया शेष से समायोजित कर दिया जाएगा।
- यदि रिफंड/रिवर्सल राशि किसी ऐसे लेनदेन की है जिसका बिल जारी हो चुका है, परंतु कार्डधारक ने उसका भुगतान नहीं किया है, तो यह राशि बने हुए बिल के कुल देय राशि (टीएडी) से समायोजित की जाएगी।
- यदि रिफंड/रिवर्सल राशि किसी ऐसे लेनदेन की है जिसका बिल जारी हो चुका है और कार्डधारक उसका भुगतान भी कर चुका है, तो यह राशि ऐप में निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्डधारक द्वारा पुष्टि किए जाने पर कार्डधारक के बैंक खाते में अंतरण हेतु उपलब्ध कराई जाएगी, बशर्ते कार्डधारक द्वारा ऋण सीमा का अतिव्यय न हुआ हो।
  यदि कार्डधारक ऐप में निर्धारित समयावधि के दौरान रिफंड/रिवर्सल राशि के अंतरण हेतु पुष्टि नहीं करता, तो राशि को बकाया शेष से समायोजित कर दिया जाएगा।

बी) रिफंड / असफल / रिवर्स्ड लेनदेन से उत्पन्न किसी भी अतिरिक्त क्रेडिट को, निर्दिष्ट सीमा (ऋण सीमा का 1% या ₹5000, जो भी कम हो) से अधिक होने पर, कार्डधारक द्वारा वन कार्ड ऐप में जोड़े गए बैंक खाते में वापस कर दिया जाएगा।

सी) कार्डधारक को वनकार्ड ऐप के प्रोफ़ाइल सेक्शन में बैंक खाता एवं आईएफएससी कोड डालकर अपना बैंक खाता जोड़ना आवश्यक है।

डी) ऐसे रिफ़ंड या रिवर्सल लेनदेन जिनकी पहचान वर्तमान और पिछले बिलिंग साइकिल के दौरान नहीं हो पाई थी, वह कार्ड पर पुनर्भुगतान हेतु विचाराधीन होगा।

ई) किसी भी संदेहजनक रिफ़ंड/रिवर्सल लेनदेन पर समुचित सावधानी बरता जाएगा और सत्यापन के बाद ही इसका प्रसंस्करण किया जाएगा। यदि इंडियन बैंक वन को ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खाता निरस्त हो चुका है, तो कार्डधारक द्वारा पुष्टि करने पर क्रेडिट बैलेंस/अतिरिक्त राशि को वनकार्ड ऐप के प्रोफ़ाइल सेक्शन में जोड़े गए बैंक खाते में रिफ़ंड कर दिया जाएगा।

एफ) कार्डधारक के इंडियन बैंक वन को ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खाते में उपलब्ध किसी भी क्रेडिट बैलेंस/ अतिरिक्त राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

जी) इंडियन बैंक वन को ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खाते में किए गए अतिरिक्त पुनर्भुगतान से उत्पन्न क्रेडिट राशि के अंतरण के लिए कार्डधारक को कस्टमर एक्सपीरियंस टीम से संपर्क करना होगा।

**डी) चूक एवं उसके परिणाम 😩**

i) कार्डधारक को चूककर्ता घोषित करने की प्रक्रिया (नोटिस अवधि सहित):

यदि आप नियत तिथि के 3 दिनों बाद भी देय भुगतान से संबंधित न्यूनतम देय राशि का भुगतान नहीं करते हैं, तो इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड द्वारा आपकी रिपोर्ट बैंक के अपचारी के रूप में भारतीय रिज़र्व बैंक की अधिकृत क्रेडिट इन्फ़ॉर्मेशन कम्पनियों (सी.आई. सीज़.) को की जाएगी। न्यूनतम देय राशि का भुगतान न करने पर क्रेडिट कार्ड सेवाएँ बंद भी की जा सकती हैं।

ii) चूक रिपोर्ट हटाने की प्रक्रिया तथा देय राशि के समायोजन के बाद रिपोर्ट हटाए जाने की अवधि:

एक बार रिपोर्ट सी.आई.सी. को रिपोर्ट कर दिए जाने के बाद, रिपोर्ट वापस नहीं ली जा सकती। हालाँकि, यदि आप अपनी देय राशि का समायोजन कर देते हैं, तो यह जानकारी बैंक द्वारा अगले माह सी.आई.सी. के साथ साझा की जाएगी।

(iii) चूक की स्थिति में वसूली की प्रक्रिया:
डिफ़ॉल्ट होने पर आपको विभिन्न माध्यमों - एसएमएस, ई-मेल, टेलीफ़ोन, व्हाट्सऐप तथा पोस्ट के द्वारा बकाया राशि भुगतान हेतु अनुस्मारक भेजे जाएँगे। यदि इन माध्यमों से कोई उत्तर नहीं मिलता, तो बैंक तृतीय पक्ष संगठनों को अनुस्मारक भेजने, फ़ॉलो-अप करने और वसूली हेतु नियुक्त कर सकता है। ऐसी नियुक्ति तृतीय पक्ष वसूली संबंधी आचार संहिता का पूर्णतः पालन करते हुए की जाती है।

अगर क्रेडिट कार्ड का बकाया भुगतान नहीं किया जाता है, तो बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के कार्डधारक के किसी भी राशि या बैलेंस पर ग्रहणाधिकार और समायोजन करने का अधिकार रखता है, जिसमें बैंक या उसकी सहयोगी कंपनियों के पास मौजूद फंड या बैलेंस भी शामिल हैं। कार्डधारक इस बात से सहमत है कि बैंक उसके या बैंक की कस्टडी में मौजूद किसी भी खाता से बकाया रकम डेबिट कर सकता है। इसके अतिरिक्त, यदि किसी लेनदेन के लिए मौजूद रिवॉर्ड पॉइंट्स अपर्याप्त हैं, तो बैंक कार्डधारक से अंतर की राशि डेबिट करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

(iv) कार्डधारक के आकस्मिक निधन की स्थिति में वसूली:

प्राइमरी कार्डधारक के आकस्मिक निधन पर संपूर्ण बकाया (बिना बिल वाले लेन-देन सहित) तत्काल बकाया होकर बैंक को देय हो जाएगी। बैंक कार्डधारक के कानूनी वारिस से संपर्क करके उन्हें बकाया राशि के बारे में सूचित करेगा और उनसे बकाया राशि का भुगतान करने का अनुरोध करेगा।

(v) कार्डधारक के प्राकृतिक निधन की स्थिति में वसूली

कार्डधारक के प्राकृतिक निधन या स्थायी अक्षमता की स्थिति में संपूर्ण बकाया (बिना बिल वाले लेन-देन सहित) तत्काल बकाया होकर बैंक को देय हो जाएगी। बैंक कार्डधारक की संपत्ति से कुल बकाया वसूल करने का हकदार होगा। बैंक को कानूनी वारिस तथा किसी भी वित्तीय संस्थान में कार्डधारक के नाम पर रखे संपत्ति/जमा/खातों से भी बकाया वसूलने का अधिकार होगा और कार्डधारक अपने देय राशि की वसूली का अधिकार सीधे बैंक को सौंपता है।

### ई) कार्ड सदस्यता की समाप्ति / निरस्तीकरण

i) कार्डधारक द्वारा कार्ड बंद करने की प्रक्रिया – पूर्व सूचना सहित –

ए) आप अपना इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खाता किसी भी समय कस्टमर केयर टीम को 1800 267 4111 पर कॉल करके या indianbankone@getonecard.app पर ई-मेल भेजकर बंद कर सकते हैं। ऐसे में इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड से संबंधित समस्त बकाया राशि तथा उससे जुड़े ऋण / ईएमआई सुविधाएँ (यदि लागू हों अथवा ली गई हों) तत्काल देय हो जाएंगी। कार्डधारक द्वारा सभी बकाया भुगतान किए जाने के अधीन, कार्ड बंद करने का अनुरोध 7 कार्य दिवसों के भीतर पूरा किया जाएगा।

बी) इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड बंद होने के बाद यदि कोई रिफंड/रिवर्सल प्राप्त होता है, तो इसकी सूचना आपको दी जाएगी तथा स्वामित्व सत्यापन के बाद वन को-ब्रांडेड ऐप के प्रोफाइल सेक्शन में जोड़े गए खाते में उसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से रिफंड किया जाएगा।

सी) वर्चुअल इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड सक्रिय होने के बाद भौतिक (फिजिकल) कार्ड आपको भेज दिया जाएगा। यदि आप वर्चुअल कार्ड सक्रिय करने के 6 माह के भीतर कार्ड सदस्यता रद्द करते हैं, तो ₹3,000 का शुल्क लगाया जाएगा। यह राशि कुल बकाया में जोड़ दी जाएगी और सभी देय राशि के भुगतान हो जाने  और बैंक के सिस्टम में दर्ज हो जाने के बाद इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खाता को बंद कर दिया जाएगा।

डी) किसी भी कारण, चाहे कार्डधारक के अनुरोध पर या बैंक द्वारा इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड की सदस्यता समाप्त/निरस्त होने पर, कार्डधारक इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के उपयोग से होने होनेवाले सभी शुल्कों के लिए उत्तरदायी होगा।

ई) आप विशेष रूप से इसकी अभिस्वीकृति देते हैं कि इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खाता बंद होने के बाद इससे संबंधित आपके सभी विशेषाधिकार (जैसे लाभ, सेवाएँ, अप्रयुक्त रिवॉर्ड पॉइंट्स आदि) स्वतः समाप्त हो जाएंगे। इनका पुनः चालू होना न तो स्वतः है और न ही अनिवार्य; यह पूर्णतः बैंक के विवेकाधिकार पर निर्भर होगा।

एफ) इसके दुरुपयोग से बचने के लिए यह सलाह दी जाती है कि इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को इस प्रकार नष्ट करें कि होलोग्राम, मैग्नेटिक स्ट्रिप और चिप स्थायी रूप से नष्ट हो जाएँ।

जी) आपका इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खाता तभी बंद किया जाएगा जब बैंक को उक्त इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खाते से संबंधित सभी देय एवं बकाया राशि प्राप्त हो जाएगी।

एच) कार्ड बंद करने की प्रक्रिया शुरू करने हेतु आप 1800 267 4111 पर कॉल कर सकते हैं या वनकार्ड ऐप में टिकट बना सकते हैं, बशर्ते सभी बकाया राशि का भुगतान कर दिया गया हो।

ii) इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड सदस्यता के निरस्तीकरण की प्रक्रिया:

व्यवसाय या सुरक्षा कारणों से, आवश्यकता पड़ने पर, बिना पूर्व सूचना के किसी भी समय इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड तक आपके एक्सेस को रद्द/निरस्त किया जा सकता है, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं, लेकिन यह इतने तक ही सीमित नहीं है :

ए) भुगतान में देरी या अस्वीकृति, कार्ड का अनुचित उपयोग (भारतीय रिजर्व बैंक एवं विदेशी मुद्रा के नियमों का उल्लंघन करने पर)

बी) क्रेडिट कार्ड आवेदन के साथ भ्रामक या गलत जानकारी / दस्तावेज़ प्रस्तुत करना।

सी) अपने ग्राहक को जाने (केवाईसी) / धन-शोधन निवारण (एएमएल)/ आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला (सीएफटी) के दिशानिर्देशों के अंतर्गत आवश्यक जानकारी या दस्तावेज़ उपलब्ध कराने में विफलता।

डी) किसी प्राधिकरण, न्यायालय या पेशेवर संस्था द्वारा किसी दीवानी मुकदमे या आपराधिक अपराध/कार्यवाही में संलिप्तता।

ई) वर्तमान परिस्थितियों / अप्रत्याशित स्थितियों के कारण क्रेडिट नीति में परिवर्तन।

एफ) क्रेडिट स्कोर का समय-समय पर निर्धारित स्तर से कम होना।

इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खाता बंद होने के बाद भी, वास्तविक बकाया दर्शाते हुए आपको इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड विवरण मिलते रह सकते हैं।

यदि आपके इंडियन बैंक वनकार्ड क्रेडिट कार्ड का उपयोग एक वर्ष से अधिक समय तक नहीं हुआ है, तो 30 दिनों के भीतर आपको इसके निष्क्रियता की सूचना दी जाएगी। कार्डधारक निम्नलिखित में से किसी भी तरीके से खाते को बंद होने से रोक सकते हैं –

डेबिट लेनदेन करना (ऑनलाइन या ऑफलाइन)
ऐप में सहमति प्रदान करना
ऐप से कार्ड पिन सेट या संशोधित करना
ऐप से लेनदेन नियंत्रण सेट या संशोधित करना
ऐप से लेनदेन सीमा सेट या संशोधित करना
ऐप से ओवरलिमिट नियंत्रण संशोधित करना
ऐप से स्वाइप 2 पे नियंत्रण संशोधित करना और क्रेडिट लिमिट बढ़ाने के लिए ऑप्ट-इन करना (यदि ग्राहक को विकल्प दिया गया हो तो)

**एफ) कार्ड का खो जाना/चोरी/दुरुपयोग 😭**

i) इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के खोने/चोरी/दुरुपयोग की स्थिति में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया :

यदि आपका इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खो जाए, चोरी हो जाए, गुम हो जाए, या कार्ड पिन से छेड़छाड़ की गई है, तो इसकी सूचना तुरंत वनकार्ड मोबाइल ऐप से रिपोर्ट करें या 1800-267-4111 पर कॉल करें अथवा indianbankone@getonecard.app पर ई-मेल करें।

यदि कार्ड कहीं रखकर भूल गए हों तो आप वन कार्ड ऐप से कार्ड को अस्थायी रूप से लॉक कर सकते हैं।

यदि आपका इंडियन बैंक को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड कहीं खो गया है या चोरी हो गया है, तो आप अपने वन कार्ड ऐप से कार्ड को ब्लॉक कर सकते हैं और आपको एक नया कार्ड भेज दिया जाएगा। आप इंडियन बैंक को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड ऐप से अपने कार्ड का पिन भी रीसेट कर सकते हैं।

यदि आपका वन कार्ड ऐप वाला मोबाइल फोन खो गया है या चोरी हो गया है, तो तुरंत 1800-267-4111 पर कॉल कर हमें सूचित करें। साथ ही, कार्ड या फोन की चोरी की एफआईआर पुलिस को दर्ज कराएँ और अनुरोध किए जाने पर उसकी एक प्रति हमें उपलब्ध कराएँ।

यदि आप पंजीकृत मोबाइल नंबर या ई-मेल पता बदलना चाहते हैं, तो indianbankone@getonecard.app पर ई-मेल द्वारा सूचित कर सकते हैं।

ii) उपरोक्त (i) की स्थिति में कार्डधारक की देयता भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र संदर्भ सं.: DBR.No.Leg.BC.78/09.07.005/2017-18 दिनांक 6 जुलाई 2017 "ग्राहक संरक्षण – अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन में ग्राहकों की देयता सीमित करना" तथा समय-समय पर किए गए अद्यतनों के अनुसार होगी।

ए) यदि कोई अनधिकृत ट्रांज़ैक्शन निम्न परिस्थितियों में होता है तो आपको शून्य देयता का अधिकार होगा:

1. हमारी ओर से किसी प्रकार की धोखाधड़ी/लापरवाही/कमी होने पर।
2. किसी तृतीय-पक्ष द्वारा उल्लंघन, जहाँ प्रणाली में कहीं और खामी हो, और अनधिकृत लेनदेन के संबंधित हमारी सूचना प्राप्त होने के 3 कार्य दिवसों के भीतर आपने इसकी सूचना हमें दे दिया हो।

बी) निम्नांकित मामलों में अनधिकृत लेनदेन के कारण होने वाले नुकसान के लिए आप स्वयं ज़िम्मेदार होंगे।

1. यदि नुकसान आपकी लापरवाही के कारण हुआ है, जैसे कि आपने पेमेंट क्रेडेंशियल शेयर किए हैं, तो जब तक आप बिना अनुमति वाले लेनदेन की रिपोर्ट हमें नहीं करते, तब तक का पूरा नुकसान आपको वहन करना होगा। अनधिकृत लेनदेन की रिपोर्ट करने के उपरांत होने वाले नुकसान को हमारे द्वारा वहन किया जा सकता है।
2. ऐसे मामलों में जहां अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन की ज़िम्मेदारी न तो हमारी है और न ही आपकी, बल्कि सिस्टम में कहीं और है और जब ऐसे लेनदेन के बारे में हमें सूचित करने में आपकी ओर से देरी होती है (हमारी ओर से कम्युनिकेशन मिलने के 4-7 कार्य दिवसों के

बाद), तो आपकी प्रति लेनदेन देयता निम्नांकित तालिका में दिए गए लेनदेन मूल्य या राशि, जो भी कम हो, तक सीमित होगी (भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुसार) ।

3. इसके अतिरिक्त, यदि आपके द्वारा रिपोर्ट करने में 7 कार्य दिवसों से अधिक का विलंब होता है, तो ग्राहक की देयता बैंक की बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार निर्धारित की जाएगी।

| **ग्राहक की अधिकतम देयता** | |
|---|---|
| धोखाधड़ी वाले लेनदेन की रिपोर्टिंग समय<br>सूचना प्राप्ति की तिथि से | ग्राहक देयता |
| 3 कार्य दिवसों के भीतर | शून्य |
| 4-7 कार्य दिवसों के बीच | क्रेडिटकार्ड सीमा< = ₹500000 अधिकतम देयता< = 10000 क्रेडिट कार्ड सीमा><br>500000 अधिकतम देयता< = 25000 |
| 7 कार्य दिवसों से अधिक | बैंक की अनुमोदित नीति के अनुसार |

अपने वनकार्ड ऐप पिन और क्रेडिट कार्ड पिन को कभी भी किसी के साथ साझा न करें!

**जी) प्रकटीकरण**

i) ऋण सूचना कंपनियों (विनियमन) अधिनियम, 2005 के अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अधिकृत सीआईसी के साथ, बैंक ऋण सूचना साझा करेगा, जिसमें वर्तमान शेष, इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड से संबंधित ऋण/ ईएमआई सुविधाएं (यदि लागू और/या लाभ उठाया गया है), इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड / ऋण पर बकाया अवशेष, भुगतान इतिहास आदि शामिल हैं, परन्तु यह इन्हीं तक सीमित नहीं होगा।

ii) आपके इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड से संबंधित कुछ गतिविधियाँ बैंक द्वारा एफपीएल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ("एफपीएल") को आउटसोर्स की जाती हैं, जो बैंक का एक अधिकृत आउटसोर्स टेक्नोलॉजी सेवा प्रदाता है। बैंक द्वारा अधिकृत होने के नाते एफपीएल बैंक के लिए इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का प्रबंधन करता है।

iii) इन शर्तों में "हम" के सभी संदर्भों का तात्पर्य बैंक, वन ग्राहक और/ या बैंक के अधिकृत सेवा प्रदाता जैसे एफपीएल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (एफपीएल) होंगे और इसमें वे शामिल हैं।

iv) सभी विनियामक नियमों, निर्देशों और दिशानिर्देशों का पालन करने की पूरी ज़िम्मेदारी बैंकों की है, जिसमें भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी बैंकों या गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों ("एनबीएफसी") द्वारा वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग संबंधी दिशानिर्देश शामिल हैं। हम भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी बैंकों या एनबीएफसी द्वारा वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग संबंधी दिशानिर्देशों के उल्लंघन वाली कोई सेवा प्रदान नहीं करते हैं।

v) बैंक आवश्यकता होने पर इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खाते की जानकारी सांविधिक प्राधिकरणों को प्रदान करेगा।

vi) प्राप्त लेनदेन अलर्ट को लेनदेन पूर्ण होने की पुष्टि नहीं मानी जानी चाहिए।

vii) यदि आप हमसे अन्य उत्पादों के लिए कोई मार्केटिंग कॉल/ईमेल प्राप्त नहीं करना चाहते हैं, तो **आप डू नॉट डिस्टर्ब** सेवा के लिए रजिस्टर कर सकते हैं और ऐसे ई-मेल में दिए गए लिंक पर क्लिक करके प्रमोशनल ई-मेल को अनसब्सक्राइब भी कर सकते हैं।

viii) आपको इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के ट्रांज़ैक्शन और मुख्य विशेषताओं के बारे में जानकारी मिलती रहेंगी। इस एमआईटीसी दस्तावेज़, निबंधन एवं शर्तें, और एफएक्यू की एक प्रति हमेशा www.getonecard.app पर उपलब्ध रहेगी।

ix) वनकंज्यूमर सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड और बैंक के बीच को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड जारी करने के लिए हुए करार में ऐसे को-ब्रांड क्रेडिट कार्ड के संबंध में रेवेन्यू शेयरिंग शामिल हो सकती है।

x) दस्तावेज़ इलेक्ट्रॉनिक तरीके से ईमेल, एसएमएस, व्हाट्सएप जैसे इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफॉर्म, अटैचमेंट, या वेबसाइट या मोबाइल एप्लिकेशन से डाउनलोड करने योग्य फ़ाइलों के माध्यम से प्रेषित किए जा सकते हैं। ऐसे दस्तावेज़ इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेजने पर बैंक को अपने प्रेषण की ज़िम्मेदारी पूरी मानी जाएगी। यदि कार्डधारक प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर दस्तावेज़ खोलने में किसी भी समस्या के विषय में बैंक को सूचित नहीं करता है, तो दस्तावेज़ स्वीकार कर लिया गया माना जाएगा। कार्डधारक यह स्वीकार करता है और सहमत है कि बैंक, अपनी इच्छा से, दोनों पक्षों की सुरक्षा के लिए और किसी भी संभावित गलतफहमी को सुलझाने के लिए, बिना किसी पूर्व सूचना के, कार्डधारक और बैंक या उसके प्रतिनिधियों के बीच सभी टेलीफोन और इलेक्ट्रॉनिक बातचीत की निगरानी और रिकॉर्ड कर सकता है।

xi) कार्डधारक बैंक और उनके अधिकृत सेवा प्रदाताओं द्वारा मोबाइल बैंकिंग सेवाओं, क्रेडिट स्कोरिंग, धोखाधड़ी का पता लगाने और खाता प्रबंधन के लिए अपनी व्यक्तिगत जानकारी के संग्रहण, प्रसंस्करण, भंडारण एवं उपयोग हेतु सहमति देता है। स्वचालित या मैन्युअल तरीकों से किया गया यह डेटा प्रसंस्करण, डेटा सुरक्षा विनियमों सहित लागू कानूनों का अनुपालन करेगा। कार्डधारक यह भी स्वीकार करता है कि क्रेडिट कार्ड सेवाओं के लिए आवश्यकता होने पर उसकी जानकारी तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाताओं के साथ साझा की जा सकती है।

**एच) शिकायत निवारण और क्षतिपूर्ति प्रणाली**

i) शिकायत निवारण एवं पदानुक्रम उन्नयन प्रक्रिया और शिकायत के समाधान के लिए समय-सीमा

ए) शिकायत के समाधान के लिए समय-सीमा

यदि grievances@getonecard.app पर संपर्क करने के बाद भी आपकी शिकायत संतोषजनक समाधान नहीं होता है, तो आप बैंक को https://apps.indianbank.bank.in/cgrc/frm_cgrs_cust_welcome_new_UA1.aspx पर संपर्क कर सकते हैं या creditcard@indianbank.bank.in पर मेल कर सकते हैं।
यदि उपर्युक्त चैनलों से संपर्क करने के बाद भी 30 दिनों से अधिक समय तक समस्या का समाधान नहीं होता है, या उत्तर संतोषजनक नहीं है, तो आप स्वतंत्र समीक्षा के लिए बैंकिंग लोकपाल को लिख सकते हैं। बैंकिंग लोकपाल योजना का विवरण भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट https://www.rbi.org.in/ पर उपलब्ध है।

ii) समाधान में विलंब होने पर निम्नलिखित क्षतिपूर्ति संरचना का पालन किया जाएगा।

| क्र.सं. | घटना का विवरण | देय मुआवजा |
|---|---|---|
| 01. | कार्ड बंद करने का अनुरोध, कोई बकाया राशि नहीं है जिसे चुकाना हो। | T+7 दिनों के बाद देरी होने पर प्रति दिन 500 रुपये + जीएसटी |
| 02. | पॉइंट ऑफ़ सेल/ सीएनपी ट्रांज़ैक्शन खाते से डेबिट हो गया है लेकिन मर्चेंट द्वारा सेटल नहीं किया गया है। | घरेलू के लिए T+5 दिन और इंटरनेशनल के लिए T+7 दिन के बाद हर दिन की देरी के लिए 100 रुपये + जीएसटी लगेगा। |

iii) इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता का संपर्क विवरण इस प्रकार हैं:
कार्ड जारीकर्ता का संपर्क विवरण: https://indianbank.bank.in/departments/quick-contact/
📧 अपना प्रश्न या मामला indianbankone@getonecard.app पर ईमेल करें ।
📞 हमारे हेल्पलाइन नंबर 1800-267-4111 पर कॉल करें
🏢 हमें लिखें या हमसे संपर्क करें: एफपीएल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, वेस्ट बे, सर्वे नंबर 278, हिस्सा नंबर 4/3 पल्लोड फार्म, फेज II, बानेर, तालुका हवेली बानेर गांव, पुणे शहर, पुणे – 411045, महाराष्ट्र-भारत
यदि आप नियमित चैनलों से मिले जवाब से संतुष्ट नहीं हैं, तो आप grievances@getonecard.app पर ईमेल भेज सकते हैं।

**आई) रिवॉर्ड पॉइंट्स 🎁**

आप अपने इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल कर स्वतः ही वनकार्ड रिवॉर्ड प्रोग्राम में नामांकित हो जाते हैं। जब आप अपने इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड से लेनदेन करते हैं, तो ट्रांज़ेक्शन वैल्यू और खरीदारी की कैटेगरी के आधार पर आपके इंडियन बैंक वन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड अकाउंट में रिवॉर्ड पॉइंट्स क्रेडिट किए जाते हैं। इन रिवॉर्ड पॉइंट्स को जमा किया जा सकता है और आगे दूसरी खरीदारी का भुगतान करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है या वनकार्ड ऐप में समय-समय पर दिखाए जाने वाले रोमांचक ऑफर्स के लिए रिडीम किया जा सकता है। रिवॉर्ड प्रोग्राम के विषय में अधिक जानकारी के लिए कृपया निबंधन एवं शर्तें देखें।

**जे) रुपे क्रेडिट कार्ड**

वनकार्ड ऐप से अपना रुपे वर्चुअल कार्ड सक्रिय करने या 'सबमिट' या 'मैं सहमत हूँ' या किसी भी मिलते-जुलते टैब/आइकन पर क्लिक करने का तात्पर्य होगा कि आप निम्नलिखित निबंधन एवं शर्तों को स्वीकार करते हैं।

(i) वर्चुअल रुपे क्रेडिट कार्ड की कार्यक्षमता उन कार्डधारकों को मिलेगी जो इसके लिए योग्य हैं और मानदंड पूरा करते हैं।

(ii) रुपे क्रेडिट कार्ड का यह प्रावधान बैंक और हमारे एकल विवेक पर दिया गया है और बैंक द्वारा किसी भी समय, आपको पहले से सूचना दिए बिना या उसके साथ, ऑफर्स को बदला/रोका/बंद किया जा सकता है।

**सेवा की शर्तें**

इंडियन बैंक वन रुपे क्रेडिट कार्ड को "फ्लोटर कार्ड" और पहले जारी किए गए कार्ड को "मौजूदा कार्ड" कहा जाएगा।

1. इंडियन बैंक वन रुपे क्रेडिट कार्ड एक वर्चुअल कार्ड के रूप में जारी किया जाएगा, जिसे वनकार्ड ऐप के माध्यम से एक्सेस किया जा सकेगा।
2. फ्लोटर कार्ड और मौजूदा कार्ड के बीच शेयर की गई कुल क्रेडिट सीमा वही होगी जो आपके मौजूदा क्रेडिट कार्ड पर पहले से नियत की गई है।
3. स्टेटमेंट की तारीख मौजूदा कार्ड की तरह ही रहेगी, साथ ही मौजूदा कार्ड के सभी निबंधन एवं शर्तें लागू होंगी और मौजूदा कार्ड और फ्लोटर कार्ड दोनों के लिए सिर्फ़ एक समेकित स्टेटमेंट जेनरेट किया जाएगा।
4. कार्डधारक मौजूदा और फ्लोटर कार्ड दोनों के लिए ऐसे समेकित स्टेटमेंट के लिए ऐप के माध्यम से एक साथ भुगतान करेगा।
5. वर्चुअल रुपे कार्ड पर पीओएस ट्रांज़ेक्शन अक्षम रहेंगे।
6. रुपे वर्चुअल कार्ड पर किए गए किसी भी ट्रांज़ेक्शन के लिए कार्डधारक किसी भी रिवॉर्ड के लिए पात्र नहीं होगा।
7. अगर आप अपना रुपे वर्चुअल कार्ड बंद/रद्द करने का फैसला करते हैं, तो आप इसके लिए दोबारा आवेदन नहीं कर पाएंगे, सिवाय इसके कि बंद करने का कारण कोई फ्रॉड ट्रांज़ेक्शन हो।
8. कार्ड के इस्तेमाल से संबंधित ब्याज दरें, दंडात्मक शुल्क और कोई भी अन्य शुल्क/ आकस्मिक शुल्क मौजूदा एमआईटीसी(MITC) और प्रमुख तथ्य विवरण(Key Facts Statement) में बताए अनुसार ही रहेगी, जो फ्लोटर कार्ड पर लागू होगी।
9. फ्लोटर कार्ड में वही मोबाइल नंबर लिंक होगा, जो मौजूदा कार्ड में है।
10. रुपे फ्लोटर क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल निम्नलिखित एमएमसी पर प्रतिबंधित है:

| क्र.सं. | एमएमसी कोड (यदि लागू हो) | प्रकृति |
|---|---|---|
| 1 | 0000 | पी2पी(पीयर टू पीयर) |
| 2 | 7407 | पी2पीएम(पीयर टू पीयर मर्चेंट) |
| 3 | 7409 | डिजिटल खाता खोलना |
| 4 | 7408 | लेंडिंग प्लेटफार्म |
| 5 | 6010 | मर्चेंट से नकद आहरण |
| 6 | NA | एटीएम से नकद आहरण |
| 7 | NA | ईरुपी(सरकारी सब्सिडी आदि के लिए यूपीआई वाउचर) |

| | | |
|---|---|---|
| 8 | 6211 | आईपीओ (उद्देश्य कोड: 01) |
| 9 | NA | विदेशी आवक विप्रेषण |
| 10 | NA | म्यूचुअल फंड |
| 11 | 4829 | वायर ट्रांसफर/मनी ऑर्डर्स |
| 12 | 5413 | क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट |
| 13 | 6010 | वित्तीय संस्थान - मैनुअल नकद संवितरण |
| 14 | 6011 | वित्तीय संस्थान - स्वचालित नकद संवितरण |
| 15 | 6012 | वित्तीय संस्थान - माल और सेवाएं |
| 16 | 6013 | इंटरऑपरेबल कार्डलेस कैश विड्रॉल(आईसीसीडब्ल्यू) के माध्यम से नकदी आहरण |
| 17 | 6051 | गैर-वित्तीय संस्थान - विदेशी मुद्रा, मनी ऑर्डर (वायर ट्रांसफर नहीं), स्क्रिप और ट्रैवलर्स चेक |
| 18 | 6211 | सिक्योरिटीज़ - ब्रोकर्स और डीलर्स/ आईपीओ |
| 19 | 7322 | कर्ज वसूली एजेंसियां |
| 20 | 7800 | सरकारी लॉटरी |
| 21 | 7801 | सरकारी लाइसेंस वाले कसीनो |
| 22 | 7802 | सरकारी लाइसेंस वाली कुत्ते/घोड़ों की रेस |
| 23 | 7995 | सट्टेबाजी, जिसमें लॉटरी टिकट, कसीनो गेमिंग चिप्स, ऑफ-ट्रैक सट्टेबाजी और रेस ट्रैक पर दांव शामिल हैं |
| 24 | 9406 | सरकारी लॉटरी |

**रुपे क्रेडिट कार्ड पर यूपीआई:**

- यूपीआई के माध्यम से रुपे क्रेडिट कार्ड की सुविधा इंडियन बैंक वन क्रेडिट कार्ड के उन उपयोगकर्ताओं को उपलब्ध कराई जाएगी, जो मानदंडों को पूरा करते हैं।
- यह प्रावधान हमारे विवेकाधिकार में किया गया है और आपको पूर्व सूचना के साथ या उसके बिना, किसी भी समय बदला/रोका/बंद किया जा सकता है।

**सेवा की शर्तें**

1. यह सुविधा आपके अनुरोध पर इंडियन बैंक वन रुपे क्रेडिट कार्ड के अनुमोदन की शर्तों पर प्रदान की जाएगी।
2. कार्डधारक के प्राथमिक क्रेडिट कार्ड मोबाइल नंबर का उपयोग इंडियन बैंक वन रुपे क्रेडिट कार्ड को सेटअप करने के लिए किया जाएगा और इसका उपयोग यूपीआई आधारित लेनदेन के लिए किया जाएगा।
3. कार्डधारकों को इंडियन बैंक वन रुपे क्रेडिट कार्ड पर यूपीआई सुविधा को सक्रिय करने के लिए 6 अंकों का यूपीआई पिन सेट करना होगा और सभी यूपीआई भुगतान 6 अंकों के यूपीआई पिन का उपयोग करके प्रमाणित किए जाएंगे। यूपीआई लेनदेन को प्रमाणित करने के लिए 4 अंकों का क्रेडिट कार्ड मान्य नही होगा।
4. रुपे वर्चुअल क्रेडिट कार्ड को सक्रिय करना, कार्ड पर यूपीआई को सक्षम (सक्रिय) करने के लिए ग्राहक की सहमति माना जाएगा।

5. कार्डधारक केवल रुपे नेटवर्क पर पी2एम लेनदेन कर सकता है।
6. पी2पी, पी2पीएम, डिजिटल खाता खोलना, उधार प्लेटफॉर्म, मर्चेंट सुविधा से नकद निकासी, एटीएम, ईरूपी, आईपीओ, विदेशी आवक विप्रेषण (फॉरेन इन्वार्ड रेमिटेंस), म्यूचुअल फंड के साथ-साथ अन्य श्रेणी के लेनदेन की अनुमति बैंक और आरबीआई द्वारा प्रतिबंधित है।
7. क्रेडिट कार्ड पर यूपीआई इंडियन बैंक द्वारा आपको प्रदान की गई क्रेडिट कार्ड सीमा और सभी यूपीआई लेनदेन (जो भी कम हो) के लिए एनपीसीआई द्वारा निर्धारित मौजूदा यूपीआई लेनदेन की सीमा दोनों के अध्यधीन होगा।
8. क्रेडिट कार्ड लेनदेन पर लागू वो सभी शुल्क, वित्त शुल्क, अधिभार या मार्क-अप, यूपीआई लेनदेन पर भी लागू होंगे।
9. यूपीआई लेनदेन पर क्रेडिट कार्ड से नकद निकासी की अनुमति नहीं होगी।
10. यूपीआई पर क्रेडिट कार्ड के सापेक्ष किए गए किसी भी लेनदेन को आपकी मौजूदा क्रेडिट कार्ड सीमा में से काट लिया जाएगा।
11. यूपीआई पर इंडियन बैंक वन रुपे क्रेडिट कार्ड को धन प्राप्त करने के लिए व्यतिक्रम (डिफ़ॉल्ट) विकल्प के रूप में निर्धारित नहीं किया जा सकता है।
12. इंडियन बैंक वन रुपे क्रेडिट कार्ड के नवीनीकरण या बदलने के मामले में, कार्डधारक को क्रेडिट कार्ड के अद्यतन विवरण के साथ यूपीआई ऐप पर पुनः पंजीकरण करना होगा।
13. मोबाइल (डिवाइस) बदलने के मामले में, कार्डधारक को उसी सिम के साथ यूपीआई ऐप पर क्रेडिट कार्ड के लिए पुनः पंजीकरण करना होगा।
14. जारी किए गए इंडियन बैंक रुपे क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके यूपीआई पर लेनदेन की सीमा इस प्रकार होगी:
- प्रति कार्ड प्रति दिन राशि सीमा यूपीआई सीमा तक हो सकती है (यथा 1 लाख प्रति दिन, कुछ विशेष एमसीसी कोड जैसे 5960, 6300 और 6529 के लिए 2 लाख – बीमा, एवं सत्यापित मर्चेंट सुविधाओं के लिए रु.5 लाख जो अस्पतालों एवं शैक्षणिक सेवाओं की संरेखित श्रेणियों के तहत सत्यापित है; उनमें अस्पतालों के लिए एमसीसी कोड 8011, 8021, 8031, 8041, 8042, 8049, 8050, 8062, 8071, 8099 और 0742 होंगे, वहीं शैक्षणिक संस्थानों के लिए 8211, 8220, 8241, 8244, 8249 और 8299 होंगे।
- प्रति कार्ड राशि सीमा पहले सफल लेनदेन एवं पहले लेनदेन सहित के बाद, पहले दिन के लिए ₹5,000/दिन (24 घंटे की अवधि) है।

**के) विशेष उल्लेखित खाते (एसएमए) और अनर्जक आस्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकरण:**

इंडियन बैंक द्वारा नियत तिथि को जारी इंडियन बैंक वन कॉ-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के रूप में मेरे द्वारा प्राप्त की जा रही वित्तीय सहायता/क्रेडिट सुविधा के संदर्भ में, मैं एतद्द्वारा पुष्टि करता/करती हूं कि उधारकर्ता के खातों से संबंधित देय तिथियों, विशेष उल्लेखित खाते ("एसएमए") या अनर्जक आस्ति ("एनपीए") की अवधारणाओं और उदाहरणों (जैसा कि नीचे बताया गया है) को समझ लिया है।

एसएमए/एनपीए वर्गीकरण तिथियों और नियत तारीखों पर दी गई अवधारणाएं/स्पष्टीकरणों/निदर्शी उदाहरण।

बकाया: बकाया का अर्थ है, ऋण खाते में मूलधन / ब्याज / ऋण खाते पर लगाए गए कोई भी शुल्क जो क्रेडिट सुविधा की मंजूरी की शर्तों के अनुसार निर्धारित अवधि के भीतर देय हैं।

अतिदेय: अतिदेय का अर्थ है, मूलधन / ब्याज / ऋण खाते पर लगाए गए कोई भी शुल्क जो देय हैं लेकिन क्रेडिट सुविधा की मंजूरी की शर्तों के अनुसार निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान नहीं किया गया है। दूसरे शब्दों में, किसी भी क्रेडिट सुविधा के तहत बैंक को देय कोई भी राशि 'अतिदेय' है यदि उसका भुगतान बैंक द्वारा निर्धारित देय तिथि पर नहीं किया जाता है।

ऋणदात्री संस्था (अर्थात् इंडियन बैंक) ऋण खातों में चूक होने पर तत्काल उन्हें प्रारंभिक दबाव को पहचानते हुए एसएमए के रूप में वर्गीकृत करेगा। एसएमए श्रेणी के वर्गीकरण का आधार निम्नानुसार होगा:

| मीयादी ऋण/क्रेडिट कार्ड के रूप में ऋण | |
|---|---|
| एसएमए उप-श्रेणियां | वर्गीकरण का आधार = मूलधन या ब्याज का भुगतान अथवा अन्य कोई राशि पूर्ण या आंशिक अतिदेय |
| एसएमए -0 | 30 दिनों तक |
| एसएमए -1 | 30 दिन से अधिक एवं 60 दिन से कम |
| एसएमए-2 | 60 दिन से अधिक एवं 90 दिनों तक |

**अनर्जक आस्तियां:**

I. यदि क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट में उल्लिखित न्यूनतम देय राशि का, स्टेटमेंट में उल्लिखित भुगतान की नियत तारीख से 90 दिनों के भीतर पूर्ण भुगतान नहीं किया जाता है, तो क्रेडिट कार्ड खाते को अनर्जक आस्ति माना जाएगा।

II. भुगतान में देरी/भुगतान न होने के आधार पर खाते का एसएमए श्रेणी से एनपीए श्रेणी में वर्गीकरण और उसके बाद दिन के अंत में मानक(स्टैण्डर्ड) श्रेणी में उन्नयन(अपग्रेडेशन) की प्रक्रिया का उदाहरण।

| भुगतान की देय तिथि | भुगतान तिथि | भुगतान कवर | सबसे पिछली बकाया राशि की अवधि दिनों में | एसएमए / एनपीए वर्गीकरण | तिथि से एसएमए / एसएमए वर्गीकरण की तिथि | एनपीए वर्गीकरण | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01.01.2022 | 01.01.2022 | 01.01.2022 तक का संपूर्ण बकाया। | 0 | शून्य | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01.02.2022 | 01.02.2022 | 01.02.2022 की बकाया राशि का आंशिक रूप से भुगतान किया गया। | 1 | एसएमए 0 | 01.02.2022 | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 01.02.2022 | 02.02.2022 | 01.02.2022 की बकाया राशि का आंशिक रूप से भुगतान किया गया। | 2 | एसएमए 0 | 01.02.2022 | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 01.03.2022 | | 01.02.2022 की बकाया राशि का पूरा भुगतान नहीं किया गया है और 01.03.2022 का भी 01.03.2022 के दिन के अंत तक बकाया है। | 29 | एसएमए 0 | 01.02.2022 | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | | 01.02.2022 की बकाया राशि का पूरा भुगतान किया गया है। 01.03.2022 की बकाया राशि का भुगतान 01.03.2022 को दिन के अंत तक नहीं किया गया। | 1 | एसएमए 0 | 01.03.2022 | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | | 03.03.2022 को दिन के अंत तक 01.02.2022 और 01.03.2022 की पूरी बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया। | 31 | एसएमए 1 | 01.02.2022/03.03.2022 | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | | 01.02.2022 की बकाया राशि का पूरा भुगतान कर दिया गया है। 01.03.2022 की बकाया राशि का 01.03.2022 को दिन के अंत तक पूरा भुगतान नहीं किया गया है। | 1 | एसएमए 0 | 01.03.2022 | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 01.04.2022 | | 01.02.2022, 01.03.2022 और 01.4.2022 की बकाया राशि का भुगतान 01.04.2022 को दिन के अंत तक भुगतान नहीं किया गया। | 60 | एसएमए 1 | 01.02.2022 / 03.03.2022 | लागू नहीं | लागू नहीं |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 02.04.2022 को दिन के अंत तक 01.02.2022 से 01.04.2022 तक की बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया। | 61 | एसएमए 2 | 01.02.2022 / 02.04.2022 | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 01.05.2022 | | 01.02.2022 से 01.05.2022 तक की बकाया राशि का भुगतान 01.05.2022 को दिन के अंत तक नहीं किया गया। | 90 | एसएमए 2 | 01.02.2022 / 02.04.2022 | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | | 01.02.2022 से 01.05.2022 तक की बकाया राशि का भुगतान 02.05.2022 दिन के अंत तक नहीं किया गया। | 91 | एनपीए | लागू नहीं | एनपीए | 2.05.2022 |
| 01.06.2022 | 01.06.2022 | 01.02.2022 की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान 01.06.2022 को दिन के अंत तक किया गया। | 93 | एनपीए | लागू नहीं | एनपीए | 2.05.2022 |
| 01.07.2022 | 01.07.2022 | 01.03.2022 और 01.04.2022 की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान 01.07.2022 को दिन के अंत तक किया गया। | 62 | एनपीए | लागू नहीं | एनपीए | 2.05.2022 |
| 01.08.2022 | 01.08.2022 | 01.05.2022 और 01.06.2022 की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान 01.08.2022 को दिन के अंत तक किया गया। | 32 | एनपीए | लागू नहीं | एनपीए | 2.05.2022 |
| 01.09.2022 | 01.09.2022 | 01.07.2022 और 01.08.2022 की पूरी बकाया राशि 01.09.2022 को दिन के अंत तक चुका दी गई, परंतु 01.09.2022 की बकाया राशि नहीं चुकाई गई। | 1 | एनपीए | लागू नहीं | एनपीए | 2.05.2022 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01.10.2022 | 01.10.2022 | 01.09.2022 और 01.10.2022 की पूरी बकाया राशि चुका दी गई। | 0 | बिना किसी अतिदेय के मानक (स्टैण्डर्ड) खाता | लागू नहीं | लागू नहीं | 01.10.2022 से स्टैण्डर्ड |

मैं/हम यह भी समझते हैं कि उपर्युक्त कुछ उदाहरण केवल दृष्टांत मात्र हैं और सामान्य परिदृश्यों को कवर करने वाले संपूर्ण उदाहरण नहीं हैं, एवं आईआरएसीपी के मानदंड और आरबीआई द्वारा उपरोक्त विषयों पर दिए गए स्पष्टीकरण ही मान्य होंगे ।

**महत्वपूर्ण विनियामक जानकारी**

I.आपका इंडियन बैंक वन कॉ-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड भारत और विदेश दोनों जगह उपयोग के लिए मान्य है। हालांकि, यह नेपाल और भूटान में विदेशी मुद्रा लेनदेन के लिए मान्य नहीं है।

II. इंटरनेट ट्रेडिंग पोर्टलों के माध्यम से विदेशी मुद्रा व्यापार की अनुमति नहीं है। किसी भी उल्लंघन या अनुपालन में विफलता की स्थिति में, आपके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है और/या इंडियन बैंक के वन कॉ-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को बंद किया जा सकता है।

III. कार्डधारक सहमत है कि बैंक द्वारा अधिकृत न किए गए किसी भी तृतीय-पक्ष ऐप या विक्रेता के माध्यम से क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने, नकद निकासी या निकासी करने पर अतिरिक्त शुल्क, जुर्माना या प्रभार लग सकता है। ऐसे लेनदेन को क्रेडिट कार्ड के इच्छित उपयोग का उल्लंघन माना जा सकता है, और बैंक आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार जुर्माना लगाने, सेवाओं को निलंबित करने या कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**घोषणा एवं सहमति:**

मैं यह स्वीकार करता/करती हूँ कि मैंने इंडियन बैंक के वन कॉ-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन किया है, जिसे बैंक ने वन कंज्यूमर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी में जारी किया है। मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मैं 18 वर्ष से अधिक आयु का भारतीय निवासी हूँ। मैं घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन के भाग के रूप में दी गई सभी जानकारी सत्य, सही और पूर्ण है और बैंक और/या इसके अधिकृत सेवा प्रदाता इन विवरणों को सीधे या किसी तीसरे पक्ष के एजेंट के माध्यम से सत्यापित करने के लिए अधिकृत हैं। मैं यह भी समझता/समझती हूँ कि बैंक और/या इसके अधिकृत सेवा प्रदाता अपने विवेकाधिकार पर इंडियन बैंक वन कॉ-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के लिए इस आवेदन को स्वीकृत या अस्वीकृत कर सकते हैं। मैं, बैंक और/या उसके अधिकृत सेवा प्रदाताओं को मेरे द्वारा मूल रूप से प्रस्तुत किए गए आवेदन संबंधी दस्तावेजों में किसी भी परिवर्तन के बारे में सूचित करने और आवेदन की प्रक्रिया करने और/या इंडियन बैंक वन कॉ-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के निरंतर उपयोग के लिए उन्हें

आवश्यक कोई भी अतिरिक्त जानकारी प्रदान करने का वचन देता हूं। मैं पुष्टि करता/करती हूँ कि मैं बैंक की सभी लागू नीतियों का पालन करूँगा/करूँगी।

मैं एतदद्वारा इंडियन बैंक वन कॉ-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड (बैंक और एफपीएल सहित) को यह अधिकार देता/देती हूँ और स्पष्ट सहमति देता/देती हूँ कि वे मेरी व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी (पीआईआई) और अन्य गैर-व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी (एनआईआई), जो मैंने इंडियन बैंक वन कॉ-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड से संबंधित किसी भी आवेदन पत्र या संबंधित दस्तावेज़ में दी है, को बैंक की अन्य शाखाओं, सहायक कंपनियों या संबद्ध संस्थाओं, क्रेडिट सूचना ब्यूरो, रेटिंग एजेंसियों, सेवा प्रदाताओं, सेवा भागीदारों (किसी भी बीमा भागीदार सहित), अन्य बैंकों या वित्तीय संस्थानों, सरकारी/नियामक प्राधिकरणों या तृतीय पक्षों को केवाईसी सत्यापन, बैंक खाता विवरण सत्यापन, क्रेडिट जोखिम विश्लेषण, या अन्य संबंधित उद्देश्यों के लिए प्रकट कर सकते हैं, जिन्हें बैंक और/या उसके अधिकृत सेवा प्रदाता मेरे आवेदन को संसाधित करने और/या बैंक और/या उसके अधिकृत सेवा प्रदाताओं के निरंतर उपयोग और/या किसी अन्य विपणन उद्देश्यों के लिए उपयुक्त समझें। मैं एतदद्वारा निजता के विशेषाधिकार और अनुबंध की गोपनीयता के अधिकार का स्पष्ट रूप से त्याग करता/करती हूँ।

**************समाप्त***************